AICTE द्वारा नई पहलों की शुरुआत

drishtiias.com/hindi/printpdf/aicte-launches-new-initiatives

चर्चा में क्यों?

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने भारत में तकनीकी शिक्षा के सुधार हेतु अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (All India Council for Technical Education-AICTE) की कई पहलों (Initiatives) का शुभारंभ किया है।

शुरू की गई मुख्य पहलें

- **'मार्गदर्शन' (Margadarshan) और 'मार्गदर्शक' (Margdarshak) के माध्यम से सुविधा प्रदान करना**
  - **'मार्गदर्शन' (Margadarshan) योजना**
    - इस योजना के तहत अच्छी ख्याति प्राप्त या उच्च प्रदर्शन करने वाले कुछ संस्थानों का चुनाव किया गया है, ताकि वे अपेक्षाकृत नए संस्थानों या ऐसे संस्थानों जिनका प्रदर्शन मापदंडों के अनुरूप नहीं रहा है, को परामर्श दे सकें अथवा उनका मार्गदर्शन कर सकें।
    - उच्च प्रदर्शन करने वाले संस्थानों में शिक्षण हेतु जिन उत्कृष्ट प्रणालियों का प्रयोग किया जा रहा है उनकी पहचान की जाएगी एवं उन्हें अन्य संस्थाओं में भी प्रयोग किया जाएगा।
    - इस योजना के तहत नए संस्थानों को 3 साल की अवधि में प्रशिक्षण, कार्यशालाओं, सम्मेलनों आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों को आयोजित कराने के लिये 50 लाख रुपए का फंड भी दिया जाएगा।
  - **'मार्गदर्शक' (Margdarshak) योजना**
    - इस योजना के तहत उन शिक्षकों या मार्गदर्शकों की पहचान की जाएगी जिन्हें अपने क्षेत्र का अच्छा अनुभव है एवं जो शिक्षण हेतु अपना पर्याप्त समय देने के लिये अभिप्रेरित हैं। इन शिक्षकों को नए संस्थानों में मार्गदर्शक के रूप में भेजा जाएगा।
    - ये सभी मार्गदर्शक नियमित रूप से अपने संस्थानों का दौरा करेंगे एवं यथासंभव उनकी गुणवत्ता में सुधार के लिये सुझाव देंगे ताकि वे संस्थान राष्ट्रीय मान्यता बोर्ड से मान्यता प्राप्त कर सकें।

- **वेस्ट मैनेजमेंट एक्सेलरेटर्स फॉर एस्पायर वीमेन एंटरप्रेन्योर्स समिट (Waste Management Accelerators for Aspire Women Entrepreneurs Summit), 2019**
    - यह समिट युवा महिला छात्राओं के लिये देश का सबसे बड़ा समिट होगा, जहाँ अपशिष्ट प्रबंधन में उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाएगा।
    - यह समिट अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (All India Council for Technical Education-AICTE) और भारतीय अपशिष्ट प्रबंधन संस्थान (Institute of Waste Management-IIWM) द्वारा संयुक्त रूप से जयपुर में आयोजित किया जाएगा।
    - AICTE और IIWM द्वारा इच्छुक प्रतिभागियों का पंजीकरण किया जाएगा और उन्हें "स्टार्ट अप इंडिया से लेकर स्टैंड अप इंडिया" से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।
- **उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिये मानव संसाधन विकास मंत्रालय (Ministry of Human Resource Development) द्वारा कई अन्य पहलें भी शुरू की गई हैं:**
    - एक नए पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई है जो आज के प्रतिस्पर्द्धातमक युग के लिये छात्रों/छात्राओं को तैयार करेगा।
    - भारत में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु फीडबैक प्रणाली को व्यापक करना।

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद

(All India Council for Technical Education-AICTE)

- इसकी स्थापना नवंबर 1945 में राष्ट्रीय स्तर के शीर्ष सलाहकार निकाय के रूप में की गई थी।
- इसका उद्देश्य तकनीकी शिक्षा के लिये उपलब्ध सुविधाओं पर सर्वेक्षण करना और समन्वित तथा एकीकृत तरीके से देश में विकास को बढ़ावा देना है।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के अनुसार, AICTE में निहित हैं:
- मानदंडों और मानकों के नियोजन, निर्माण और रखरखाव के लिये सर्वोच्च प्राधिकरण।
- गुणवत्ता सुनिश्चित करना।
- देश में तकनीकी शिक्षा का प्रबंधन।

स्रोत: द हिंदू